# मां बड़ी देवी मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़

## दमोह में सुबह 4 बजे से पहुंचे रहे श्रद्धालु



**नवभारत,दमोह. शहर और जिलेभर में नवरात्र पर्व के पहले दिन शहर के प्रसिद्ध मा बड़ी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी हुई है. सुबह 4 बजे से मां बड़ी देवी को जल अर्पित करने के लिए हजारों की संख्या में महिला, पुरुष लाइन में लग चुके थे.इसके बाद बारी-बारी से सभी ने मां बड़ी देवी को जल अर्पित किया.**

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन मंदिर के चारों ओर तैनात किया गया है, ताकि भक्तों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो.प्राचीन फुटेरा तालाब के सामने मां बड़ी देवी का मंदिर है जो शहर के लोगों की आस्था का केंद्र है.साल की दोनों नवरात्रि में यहां 9 दिनों तक प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां बड़ी देवी को जल अर्पित करने के लिए पहुंचते हैं.यहां ऐसी मान्यता है की मां बड़ी देवी से कुछ भी मांगो वह अपने भक्तों की मुराद पूरी करती है.पुलिस व्यवस्था में कोतवाली से एएसआई साहब सिंह सहित पुलिस लगी हुई है।9 दिनों तक यहां मेले का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें कई प्रकार की दुकान और बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले लगाए जाते हैं. गुरुवार सुबह नवरात्रि के पहले दिन मंदिर से लेकर बाहर परिसर तक महिलाओं की काफी लंबी लाइन लगी हुई थी. जिन्हें संभालने के लिए महिला पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे.

इसके अलावा पुरुषों की लाइन भी काफी दूर तक लगी हुई दिखाई दी.शाम को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां बड़ी देवी मंदिर पहुंचेंगे.यहां घट स्थापना के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं.



## मधुमक्खी के छाते वनकर्मियों ने हटाए

**नवभारत,दमोह.** शांति समिति की बैठक में आए सुझाव के दौरान चैत्र नवरात्रि, ईद-उल-फितर, गुड़ी पड़वा, निषाद राज जयंती, महावीर जयंती, झूलेलाल जयंती, अक्षय तृतीया (परशुराम जयंती), श्री राम नवमी, श्री हनुमान जयंती, गुडफ्राईडे, डॉ अंबेडकर जयंती के अलावा और भी त्योहारों को मद्देनजर रखते हुए प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार राठौर द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) ईश्वर जरांडे, एसडीएम सौरभ गंधर्व, रेंजर विक्रम चौधरी के मार्गदर्शन में वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने बुधवार देर रात करीब 12 बजे सावधानी बरतते हुए दमोह शहर के प्रसिद्ध मां बड़ी देवी मंदिर परिसर में लगे मधुमक्खी के (2 छाते) के अलावा फुटेरा तालाब के सामने ईदगाह के समीप लगे पीपल के पेड़ पर करीब (5 मधुमक्खी छाते) वन कर्मी भरत परोहा, मयंक विश्वकर्मा, अक्षय खरे, लक्ष्य अहिरवार, भवानी यादव ने किट पहनकर फायर ब्रिगेड से नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी, टीआई कोतवाली मनीष कुमार, विद्युत विभाग, फायर ब्रिगेड कर्मियों की विशेष उपस्थिति में यह रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया,जहां कुल 7 मधुमक्खी छाते हटाने का रेस्क्यू ऑपरेशन सफल हुआ.



## कल्याणक महोत्सव व भगवान श्री अरनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया

नवभारत,हटा/दमोह.कुण्डलपुर में भगवान श्री अनंतनाथ जी का ज्ञान तथा मोक्ष कल्याणक महोत्सव व भगवान श्री अरनाथ जी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया 'कुण्डलपुर दमोह (सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में जैनधर्म के 14वें तीर्थंकर भगवान श्री अनंतनाथजी का ज्ञान व मोक्ष कल्याणक महोत्सव व 18 वें तीर्थंकर भगवान श्रीअरनाथजी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक,शांतिधारा,ऋद्धि कलश,पूजन, विधान हुआ। अत्यंत भक्ति भावपूर्वक निर्वाण कांड पाठ के साथ निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।

# पैदल मैहर जाने वाले भक्तों को नि:शुल्क सुविधा

## जलपान और आवास की व्यवस्था करा रहे कुम्हारी के युवा



**कुम्हारी नवभारत 19 मार्च। नगर में जय मां शारदा युवा समिति द्वारा चैत्र नवरात्रि में पैदल मैहर जाने वाले यात्रियों को नि:शुल्क जलपान की व्यवस्था की गई। विगत 5 वर्षों से युवाओं द्वारा समाज के प्रति सेवाभाव पहल की जा रही है।**

पैदल मैहर जाने वाले भक्त कुम्हारी बस स्टैंड पर रुकते हैं और उन्हें यहां नि:शुल्क रूकने की व्यवस्था समिति के सदस्यों द्वारा कराई जाती है। यह पहल समाज को एक नई दिशा देने का काम कर रही है। पैदल मैहर जाने वाले भक्त सागर, बीना, खुरई, दमोह, भोपाल, रायसेन, विदिशा, हटा, पटेरा आदि नगरों से आते हैं। इस सराहनीय कार्य में सुदेश बर्मन, रघुवीर सेन, कड़ोरी सेन, रमल बर्मन, डॉ. राहुल रजक, भग्गी वासुदेव, मंगल लोधी, कल्लू चक्रवर्ती, जग्गू आदि द्वारा सहभागिता की जाती है।

# नववर्ष विक्रम संवत् एवं गुड़ी पड़वा पर आयोजन

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में हुआ कार्यक्रम




नवभारत,दमोह. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इस परंपरा की शुरुआत कर प्रदेशभर में सम्राट विक्रमादित्य के जीवन-चरित्र को नाट्य माध्यम से जन -जन तक पहुँचाने का सराहनीय प्रयास किया। यह दिन प्रदेशवासियों के लिए सदैव स्मरणीय रहेगा।आज से हिंदू नववर्ष और विक्रम संवत की शुरुआत हुई है,जिसे हम अपने सांस्कृतिक और पारंपरिक स्वरूप में उत्साह के साथ मनाते हैं।यह बात पशुपालन व डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस दमोह में आयोजित विक्रमोत्सव-2026 के कार्यक्रम के दौरान कही। आज हिंदू नववर्ष के रूप में मनाया जाता है,सम्राट विक्रमादित्य का जीवन समाज के लिए प्रेरणादायक हैं और उनके आदर्शों को अपनाना हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा विक्रमोत्सव के अंतर्गत आयोजित नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से लोग सम्राट विक्रमादित्य के जीवन, संघर्ष और उपलब्धियों के बारे में जान सकेंगे। इस अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ व बधाई दी।हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति पटेल ने सभी क्षेत्रवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।कलेक्टर अनिल राठौर हिंदू नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि विक्रमोत्सव 2026 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम अत्यंत भव्य,व्यवस्थित और उत्साहपूर्ण रहा,जिसमें आमजन की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति राजू कमल ठाकुर,जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉक्टर मंजू धर्मेंद्र कटारे,कलेक्टर अनिल राठौर, सीईओ जिला पंचायत व कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम दमोह सौरभ गंधर्व,नरेंद्र दुबे, राजीव आयाची सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण आदि रहें।



## बांदकपुर धाम शिव मंदिर में जय जागेश्वर नाथ डमरू दल का शुभारंभ

नवभारत,दमोह. जय जागेश्वर नाथ डमरू दल का शुभ आरंभ किया गया श्री जागेश्वर नाथ भक्त मंडल की ओर से बांदकपुर मंदिर में प्रतिदिन दिन संध्या आरती में डमरू बजाने वाले छोटे छोटे बच्चों की टी शर्ट भेट की गई ,एक विशेष ड्रेस कोड के साथ बच्चो ने डमरू वादन की शानदार प्रस्तुति दी. शिवभक्त शंकर गौतम ने बताया भगवान भोलेनाथ व पूज्य संतो की कृपा आशीर्वाद मार्गदर्शन से बांदकपुर धाम में भव्य कारीडोर बनने जा रहा है. उसी क्रम में दरबार की भव्यता दिव्यता बढ़ने एक प्रयास किया गया है.

# वैश्य दिवस हिंदू नववर्ष पर निकली वैश्य महासम्मेलन की बाइक रैली

## मंत्री, कलेक्टर और अध्यक्ष हुए शामिल

**नवभारत,दमोह. वैश्य महा सम्मेलन के शिरोमणि संरक्षक उमाशंकर गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में संपूर्ण मध्य प्रदेश में हिंदू नव वर्ष व वैश्य दिवस पर संपूर्ण मध्य प्रदेश में वैश्य महासम्मेलन के द्वारा वाहन रैली का आयोजन किया जाता है.**

इसी क्रम में दमोह में भी जिला अध्यक्ष के सी अग्रवाल, नगर अध्यक्ष सत्य प्रकाश असाटी के नेतृत्व में विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर मध्य प्रदेश शासन के मंत्री लखन पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे,जिला कलेक्टर प्रभारी अनिल कुमार राठौर के द्वारा वैश्य झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया. रैली में मुख्य रूप से संभागीय अध्यक्ष राकेश अग्रवाल संभागीय महामंत्री सुशील गुप्ता जिला प्रभारी पदम इटोरिया संभागीय युवा प्रभारी जुगल अग्रवाल, युवा अध्यक्ष विकास अग्रवाल,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मालती असाटी,महिला प्रभारी विद्या असाटी, महिला अध्यक्ष सुनीता गुप्ता महिला नगर अध्यक्ष अनीता अग्रवाल, गणेश अग्रवाल,अनिल नेमा,रवि शंकर अग्रवाल,कल्पित साहू, शैलेंद्र जैन, राजकुमार नामदेव विष्णु गुप्ता,कैलाश सेलार लखन केशवानी,सहित बड़ी संख्या में वैश्य सम्मेलन के विभिन्न घटकों के लोग मातृशक्ति कंचन असाटी, नंदा असाटी, रजनी साहू अमिता जैन सरोज अग्रवाल की उपस्थिति रही.





## शांति पूर्ण माहौल में मनाए त्यौहार, हम आपके साथ एसडीएम

नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह.बुधवार को शाम थाना के मीटिंग हॉल में शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई.जिसमें एसडीएम तहसीलदार डॉक्टर विवेक व्यास,नायब तहसीलदार चंद्र शेखर शिल्पी,नपा अध्यक्ष सुरेश जैन,मूरत शिंह, नपा उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव,परम सिंह मंडल अध्यक्ष, संतराम पाल पूर्व अध्यक्ष गोविंद यादव, चेतन जैन,मदन नामदेव, तेजी सिंह सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे.नवरात्रि के प्रथम दिवस बाइक रेली में पुलिस व्यवस्था बड़ी खैर मां मंदिर में,बिजली पानी सफ़ाई की व्यवस्था छोटी खैर माता मंदिर में साफ सफ़ाई बिजली के साथ पुलिस कर्मियों की मौजूदगी रहेंगी।

## एक नजर में



### त्यौहारों में सुरक्षा और बेहतर व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों ने किया शहर के प्रमुख स्थलों का भ्रमण

नवभारत,दमोह .चैत्र नवरात्र, ईद, हिन्दू नववर्ष सहित विभिन्न त्योहारों में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कलेक्टर अनिल राठौर ने गुरूवार को शहर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बड़ी देवी मंदिर, फुटेरा तालाब, ईदगाह स्थल सहित कई प्रमुख स्थलों का भृमण कर जायजा लिया और आयोजनों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस दौरान अपर कलेक्टर मीना मसराम,एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया,एसडीएम सौरभ गंधर्व, तहसीलदार रॉबिन जैन,शहरीकरण कपिल खरे,सुशील सोनी, टीआई कोतवाली मनीष कुमार, अभिषेक जैन,पटवारी तिलक,पीडब्ल्यूडी वर्षा मिश्रा, विद्युत विभाग के अलावा और भी अधिकारीगण मौजूद।

### 23 मार्च को निषादराज जयंती, निकलेगी शोभायात्रा



नवभारत,दमोह .निषादराज जयंती पर रैकवार,केवट, बर्मन, धुरिया, कहार, कश्यप, निषाद,बाथम, माझी समाज के द्वारा दमोह जिले में नवरात्रि की पंचमी पर 23 मार्च को निषादराज जयंती धूमधाम से मनाने को लेकर स्थानीय आमचौपरा में स्थित जहान्वी कुंज में नगर के वार्डों में फुटेरा मुहल्ला,शोभा नगर, फिल्टर कालोनी, चैनपुरा, बजरिया वार्ड 07,पलंदी चौराहा,रेलवे लोको, नायक कालोनी, बेलाताल, इन्द्रा कालोनी,किशन तलैया,आमचौपरा, बिलबारी मुहल्ला, धरमपुरा, समन्ना, हिरदेपुर के स्वजातीय बंधुओं की बैठक आयोजित की गई. जिसमें समस्त स्वजातीय बंधुओं ने तय किया कि हजारों की संख्या में स्वजातीय बंधु बग्गी, बैंड बाजे के साथ 23 मार्च को शाम 04 बजे महाराणा प्रताप स्कूल मैदान में एकत्रित होंगे उसके बाद निषादराज महाराज नगर भ्रमण पर निकलेंगे .जिसमें समस्त स्वजातीय बंधुओं से अपील की गई है .

### सांसद राहुल सिंह लोधी ने लोकसभा में दमोह के लिए की कृषि विश्वविद्यालय की मांग की

नवभारत,दमोह. लोकसभा सदन में कृषि क्षेत्र के अनुदानों की मांग ( डिमांड फॉर ग्रांट) के विषय पर अपने विचार रखने का अवसर मिला .जिसमें बुंदेलखंड क्षेत्र के दमोह लोकसभा के लिए एग्रीकल्चर कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग रखी .बुंदेलखंड को केन बेतवा लिंक परियोजना देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया .मप्र के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मप्र कृषि कल्याण वर्ष 2026 मना रहा है .जिसमें उत्कृष्ट किसानों का सम्मान व विभिन्न योजनाओं से जोड़कर समृद्ध बनाने का संकल्प है. मुख्यमंत्री का भी आभार व्यक्त करता हूँ .विगत वर्ष केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित कृषि संकल्प अभियान प्रारम्भ किया था,जिसमें वैज्ञानिकों व कृषि विशेषज्ञों की टीम ने लैब टू लैंड पहुंचकर स्थानीय किसानों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से किसानों से संवाद किया और उन्हें उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी थी .



# गरज-चमक, आंधी-तूफान के साथ झमाझम बारिश, किसानों की बढ़ी चिंता

## कटाई-गहाई पूरी तरह प्रभावित

नवभारत,सिंग्रामपुर/दमोह.क्षेत्र में गुरुवार शाम अचानक बदले मौसम ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। करीब आधे घंटे तक चली तेज गरज-चमक, आंधी-तूफान और झमाझम बारिश ने खेतों में खड़ी पककर तैयार गेहूं और चना की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। बेमौसम बारिश से पहले ही चिंतित किसानों के लिए यह बारिश किसी आपदा से कम नहीं रही।बारिश के साथ चली तेज हवाओं के कारण कई खेतों में गेहूं की फसल जमीन पर गिर गई,जिससे कटाई में अब अतिरिक्त समय और लागत लगेगी। वहीं जिन किसानों ने पहले ही फसल काटकर खेतों में रखी थी, उनकी उपज पूरी तरह भीग गई। कई जगह किसान तिरपाल और प्लास्टिक शीट से फसल को बचाने की कोशिश करते नजर आए, लेकिन तेज हवा और लगातार बारिश के कारण यह प्रयास भी नाकाफी साबित हुआ।



> ग्रामीण अंचलों के किसानों का कहना है कि इस समय गेहूं और चना की कटाई और गहाई अपने चरम पर थी, लेकिन बारिश के कारण पूरा काम ठप हो गया है। खेतों में पानी भर जाने से हार्वेस्टर और अन्य कटाई मशीनें नहीं चल पा रहीं। वहीं गीली फसल को सुरक्षित भंडारित करना भी बड़ी चुनौती बन गया है, जिससे नुकसान और बढ़ने की आशंका है।किसान अवधेश, दीपक, महेश और शंभू ने बताया, हमने फसल की कटाई शुरू .

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

नवभारत,दमोह. जिले के नोहटा थाना क्षेत्र के बनवार चौकी अंतर्गत घटेरा के पास मंगलवार शाम बाइक सवार दो युवकों को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया. जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल लाया गया. जहां एक युवक की मौत हो गई दूसरे का इलाज चल रहा है. बुधवार को पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है. जानकारी के अनुसार खर्रा घाट इमलिया निवासी अजय पिता लक्ष्मण सिंह 19 और अभिषेक पिता तरवर सिंह 23 निवासी घटेरा को मंगलवार रात किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और भाग गया .दोनों घायलों को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया था .जहां अजय पिता लक्ष्मण सिंह की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जबलपुर रेफर कर दिया,जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई. शव वापस जिला अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया. दूसरे घायल अभिषेक का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है .बुधवार सुबह मृतक का पंचनामा बनाने के बाद शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों के सुपुर्द किया गया. बनवार चौकी प्रभारी मनीष यादव ने बताया की सड़क हादसे में इमलिया गांव निवासी युवक की मौत होने की जानकारी प्राप्त हुई थी .वह पंचनामा कार्रवाई के लिए जिला अस्पताल पहुंचे थे, मामले में मर्ग कायम कर मामले में जांच की जा रही है .




मृतक | घायल युवक

# दूध लेने जा रही महिला की ट्रेन से कटकर मौत

## दमोह के पथरिया फाटक ओवर ब्रिज की घटना



नवभारत,दमोह. कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पथरिया फाटक ओवर ब्रिज के नीचे दूध लेने जा रही महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई.घटना के समय उनका नाती भी साथ था जो सुरक्षित बच गया. घटना की जानकारी लगते ही परिजन घटना स्थल पहुंच गए.जीआरपी पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले को जांच में लिया है. मृतक महिला की पहचान विमला पति मिथिलेश कुमार चौबे 60 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 4 पथरिया मार्ग इमलाई तिराहा दमोह के रूप में हुई है.मृतका के पति मिथिलेश ने बताया कि गुरुवार सुबह उनकी पत्नी नाती के साथ मंदिर जाने के लिए निकली थी. वापस आते समय उन्होंने दूध लाने के लिए कहा था. पथरिया फाटक ओवर ब्रिज के दूसरी ओर दूध डेरी है,जहां वह प्रतिदिन दूध लेने जाती थी.लौटते समय जब वह दूध लेकर आ रही थी.इसी दौरान रेलवे ट्रैक पर दोनों ओर से ट्रेन आ गई और वह ट्रेन को नहीं देख पाई. जिससे वह उसकी चपेट में आ गई और उनकी मौत हो.

**कालाबाजारी** | **एजेंसी के संचालक और कर्मचारी इसमें लिप्त है, प्रात: 5 बजे से लग रही गैस सिलेंडर के लिए लाइन**

# गैस सिलेंडर की कालाबाजारी से उपभोक्ता आक्रोशित

**नवभारत, पथरिया 19 मार्च। जहां एक ओर ईरान-इजरायल व अमेरिका युद्ध से भारत की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है, ठीक उसी तरह देश की मूलभूत आवश्यकताओं पर भी इसका असर दिखाई दे रहा है।**

पथरिया तहसील में गैस की इतनी किल्लत हो गई है कि सैंकड़ों की भीड़ में गैस एजेंसी के बाहर सुबह करीब 5:00 बजे से घंटों लगी रहती है, जिसमें बूढ़े, बच्चे, बच्चियां, महिलाएं और दिव्यांग शामिल है। सिलेंडर की आस लगाए खड़े इन उपभोक्ताओं का आक्रोश तब बढ़ जाता है जब उन्हें बगैर सिलेंडर ही घर लौटना पड़ता है।

## गैस एजेंसी के चक्कर काट रहे लोग



गैस एजेंसी के बाहर खड़े कुछ उपभोक्ताओं का आरोप है कि वह लगभग तीन दिन से एजेंसी के चक्कर काट रहे है, पर उन्हें एजेंसी द्वारा सिलेंडर नहीं दिया गया। कुछ उपभोक्ताओं ने सिलेंडर की कालाबाजारी के आरोप लगाते हुए कहा कि कई लोगों को एजेंसी द्वारा गाड़ी भर-भर कर सिलेंडर दिए जा रहे है, जिससे उपभोक्ताओं को समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

## गैस एजेंसी के संचालक कर रहे कालाबाजारी

मध्य प्रदेश खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के पत्र में साफ कहा गया है कि चिकित्सालय एवं शैक्षणिक संस्थान के अलावा किसी और को सिलेंडर वितरित नहीं किए जाएंगे। लोगों की माने तो संचालकों और उनके कर्मचारियों द्वारा धड़ल्ले से गैस की कालाबाजारी की जा रही है। इसका खामियाजा गरीब उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है।

## पारदर्शिता से रुकेगी कालाबाजारी

संचालकों के गोदामों और एजेंसियों में कुल कितना भंडारण है, गैस के लिए रोज उपभोक्ताओं द्वारा की गई बुकिंग, कितने उपभोक्ताओं को टोकन व गैस सिलेण्डर वितरित किए गए और समस्त उपभोक्ताओं की सूची सहित सम्पूर्ण जानकारी पारदर्शिता के लिए चस्पा होनी चाहिए।

> **सैंकड़ों की भीड से यातायात हो रहा प्रभावित**
>
> गैस एजेंसी ठीक मुख्य सड़क के सामने होने से गैस सिलेंडर के एकत्रित होने वाली भीड़ से यातायात प्रभावित हो रहा है। नियम अनुसार स्कूल, अस्पताल और सरकारी संस्थानों से एक निश्चित पैमाने की दूरी पर ज्वलनशील पदार्थों की एक निश्चित दूरी तय होती है। परंतु संचालक द्वारा इन नियमों को ताक पर रख नियम विरुद्ध गैस एजेंसी का संचालन किया जा रहा है। एजेंसी के ठीक पीछे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है और दोनों तरफ 50 मीटर की दूरी पर प्राइवेट स्कूल संचालित भी होते है।



# जबलपुर नाका चौकी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई, कार से 21 पेटी अवैध शराब जब्त

नवभारत,दमोह .थाना दमोह देहात पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी जबलपुर नाका क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए कार से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है.पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक एचआर पांडे तथा थाना प्रभारी अमित गौतम के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रोहित द्विवेदी, चौकी प्रभारी रहें .